# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–05 अप्रैल 2025 — सान्ध्य समाचार

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज मित्र विभूषण सम्मान से सम्मानित किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्रीलंका में मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह केवल उनका नहीं बल्कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों का सम्मान है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री को श्रीलंका में मिले सम्मान को प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज महराजगंज जिले में रोहिन बैराज का लोकार्पण किया। उन्होंने वहां छह सौ चौवन करोड़ रुपये की छह सौ उन्तीस विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को योजना संबंधी चेक व अन्य सामग्री वितरित किया। साथ ही आंगनबांड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा। इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महराजगंज जनपद मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है।

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने चौबीस जनवरी से एक स्कीम लागू की थी। इस स्कीम के अन्तर्गत जो भी युवा अपना उद्यम स्थापित करना चाहता है उसको रजिस्ट्रेशन करना था। बैंक से उसको पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध करवाना था। और पूरे प्रदेश में अभियान प्रारंभ हुआ और उसमें महराजगंज जनपद नंबर एक पर आया है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्र दो हजार पचीस छब्बीस में महराजगंज में केंद्रीय विद्यालय भी प्रारंभ होने जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने चैत्र नवरात्रि के अष्टमी तिथि पर बलरामपुर जिले के तुलसीपुर स्थित मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ में पूजा अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में आज दोपहर में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक भी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फसलों को आग से बचाने के लिए युद्धस्तरीय प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे आकस्मिक स्थिति में तत्काल फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच सकें। मुख्यमंत्री ने रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस और प्रशासन की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी मंदिरों में साफ सफाई और प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर जनपद में भी विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

**********

केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन नगरीय श्रेणी के तहत देश भर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों और आयोजनों में प्रयागराज ने स्वच्छ घाट दो हजार चौबीस श्रेणी की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, स्वच्छता ही सेवा दो हजार चौबीस अभियान की जनभागीदारी श्रेणी में भी प्रयागराज ने दूसरा स्थान हासिल किया है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कल लखनऊ में प्रयागराज नगर निगम के अधिकारियों को यह सम्मान प्रदान किया। प्रयागराज ने महाकुम्भ दो हजार पचीस में भी स्वच्छता का सन्देश दिया और पूरे विश्व को स्वच्छ प्रयागराज की झलक दिखाई थी।

**********

नवरात्र के दौरान आज पूरे प्रदेश में मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना की जा रही है। इसी क्रम में वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के निकट स्थित माता अन्नपूर्णा मंदिर और पंचगगा घाट क्षेत्र स्थित देवी मंगला गौरी मंदिर में पूरे दिन बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन पूजन किया। वहीं, श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रीरामनवमी के पावन उपलक्ष्य में आज से अखंड रामायण पाठ भी शुरू हो गया, जो कल समाप्त हो जाएगा। अष्टमी तिथि पर जौनपुर जिले के शीतला चौकिया धाम में भी आज बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने माता के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की।

**********

श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज हेरिटेज वॉक निकाली गई। इसके जरिये श्रद्धालुओं और आगंतुकों को अयोध्या धाम के प्राचीन और पौराणिक स्थलों की जानकारी दी गई। पर्यटन विभाग की तरफ से दशरथ महल से निकली हेरिटेज वॉक अयोध्या धाम के प्रमुख स्थलों से होकर गुजरी। इस बीच, कल मनाई जाने वाली रामनवमी को देखते हुए अयोध्या में व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई हैं। आईजी प्रवीण कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारी वाहनों को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से डाइवर्ट किया गया है। साथ ही सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं।

**डिफरेंट सेक्टर्स और जोन्स को हम लोगों ने इस तरह से विभाजित किया है कि उसका एक व्यापक उसका पर्यवेक्षण होता रहे। साथ साथ में भारी वाहनों को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के माध्यम से समानांतर मार्ग से जाने की व्यस्था रहेगी ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो सके।**

**********

भारतीय रिजर्व बैंक शीघ्र ही दस और पांच सौ रुपये के नए नोट जारी करेगा। ये नोट महात्मा गांधी के चित्र नई सिरीज के होंगे और इन पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इस संबंध में जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पहले से ही जारी दस और पांच सौ रुपये के नोटों का प्रचलन जारी रहेगा।

**********